**शिविर** | स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार के अभियान के तहत किया गया शिविर का आयोजन

# समाज की प्रगति में नारी शक्ति की भूमिका महत्वपूर्ण




**नवभारत,कटनी।** स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत कन्हवारा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में शिविर का आयोजन किया गया। कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर पर आयोजित किए गए इस शिविर में मुख्य अतिथि के रूप विधायक संदीप जायसवाल शामिल हुए। शिविर में सर्वप्रथम दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विधायक ने स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच कराने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ नारी के बिना स्वस्थ्य समाज की कल्पना नहीं की जा सकती। समाज की प्रगति और समृद्धि में नारी शक्ति की भूमिका अति महत्त्वपूर्ण हैं। व्यक्ति से लेकर परिवार और समाज से लेकर विश्व निर्माण तक नारी ही संस्कृति परंपरा और संस्कारों की संवाहक रही है। स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान से हम एक सशक्त राष्ट्र के निर्माण की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

विधायक द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कन्हवारा में 12 लाख 40 हजार रुपए मूल्य की पोर्टेबल एक्स-रे मशीन का लोकार्पण किया गया। इससे क्षेत्रवासियों को एक्स-रे की सुविधा ग्राम स्तर पर ही प्राप्त हो सकेगी। शिविर में विधायक की पहल पर विधानसभा क्षेत्र के चिन्हित 807 टीबी मरीजों को गोद लेकर उनके पोषण स्वास्थ्य के लिए उन्हें 807 फूड बास्केट 6 माह तक देने के लिए संकल्प लिया गया और शिविर में सात मरीजों को फूड बास्केट वितरित की गई। इस अवसर पर विधायक द्वारा कुपोषित बच्चों को पोषण किट भी दी गई। शिविर में महिला बाल विकास विभाग द्वारा पोषण माह के तहत पोषण प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें पोषण मिलेट्स के व्यंजन तैयार किया गया।

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कन्हवारा परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत विधायक और जनपद पंचायत सदय शील कुमारी विश्वकर्मा सहित ग्राम पंचायत कन्हवारा के जनप्रतिनिधियों द्वारा पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम के दौरान विधायक ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कन्हवारा में कार्यरत सफाई कर्मी मीराबाई को शॉल और श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। शिविर में सभी महिलाओं के लिए चिकित्सा जांच और स्वास्थ्य सेवाएं दी गईं। शिविर में 525 पंजीकृत महिलाओं को स्वास्थ्य जांच सेवाएं उपलब्ध कराई गई। अभियान के अंतर्गत मातृ स्वास्थ्य सेवाओं, किशोरियो में पोषण और एनिमिया संबंधी जागरूकता गैरसंचारी रोग जैसे उच्च रक्तचाप, मधुमेह और कैन्सर की स्क्रीनिग, संचारी रोग जैसे क्षय और कुष्ठ रोग की पहचान कर उपचार किया गया। मंचीय कार्यक्रम का संचालन बीडी तिवारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राज सिंह ठाकुर, डॉ शैलेन्द्र दीवान नोडल अधिकारी क्षय रोग कार्यक्रम, डॉ. विजयराजषि खंड चिकित्सा अधिकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कन्हवारा, विद्या पांडे परियोजना अधिकारी महिला बाल विकास विभाग, डॉ सुनील त्रिपाठी, डॉ निवेदिता खरे, डॉ रश्मि मिश्रा, डॉ मोहित, डॉ सुमित, डॉ. सुयश, शशिकांत साहू सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य कर्मचारियोंकी उपसिथित रही।



# एक महीने से राशन नहीं मिलने से ग्रामीणों में आक्रोश

**ग्रामीणों ने किया राशन दुकान और ग्राम पंचायत भवन का घेराव**

**नवभारत ढीमरखेड़ा।** जिले के ढीमरखेड़ा विकासखंड की ग्राम पंचायत खम्हरिया में शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालन में लापरवाही का मामल सामने आया है। अनाज वितरण में गड़बड़ी के कारण एक महीने से ग्रामीणों को राशन नहीं मिला है, राशन नहीं मिलने से ग्रामीणों में आक्रोश है, आक्रोशित ग्रामीणों ने राशन दुकान और ग्राम पंचायत भवन का घेराव कर विरोध प्रदर्शन किया। जानकारी के अनुसार शनिवार को जैसे ही सेल्समैन ने उचित मूल्य दुकान खोल कर अनाज वितरण शुरू किया, तभी ग्रामीणों ने दुकान का घेराव कर दिया। सितम्बर महीने के साथ अगस्त महीने का राशन भी दिए जाने की मांग की। ग्रामीणों ने कहा अगस्त महीने का अनाज वितरण नहीं किया गया है 840 कार्डधारी गरीब जनता के अनाज में सेल्समैन ने घपला किया है। जिसके कारण ग्रामीणों में नाराजगी है। यही वजह है कि ग्रामीण अपने हक की लड़ाई लड़ने को मजबूर हो गए हैं। वर्तमान वितरण कर्ता तरूण कुमार गौतम ने बताया कि उन्हें राशन वितरण के लिए सितंबर माह से प्रभार मिला है, जिसके बाद वे राशन वितरण करने आए थे। ग्रामीणों के आक्रोश को देखते हुए राशन वितरण वर्तमान में बंद कर दिया गया है। ग्रामीणों ने कहा इसके पहले सत्यम नाम का दूसरा सेल्समैन था। सरपंच ने बताया कि अगस्त महीने का अनाज वितरण नहीं किया गया है इस संबंध में संबंधित अधिकारियों को जानकारी दी गई, लेकिन अधिकारी भी उदासीन रहे। राशन नहीं मिलने से आक्रोशित ग्रामीणों ने पंचायत का घेराव कर दिया। ग्रामीणों की मांग है कि दो महीने का एक साथ अनाज दिया जाए। ऐसा नहीं होने पर चका जमा किया जाएगा। घेराव के दौरान गया बाई, सावित्रीबाई, मुन्नी बाई, छोटे साहू सहित ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

## एक नजर में

### जिले में 16 हजार से अधिक नए हितग्राहियों की पात्रता पर्ची स्वीकृत

**नवभारत, कटनी।** राज्य शासन की लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत जिले में 5 हजार 532 नए परिवारों के 16 हजार 552 सदस्यों की पात्रता पर्ची स्वीकृत कर प्रतीक्षा सूची में रखा गया है। जिला आपूर्ति अधिकारी सज्जन सिंह परिहार ने बताया कि इन सभी हितग्राहियों की सूची स्थानीय राशन दुकानदारों को उपलब्ध करा दी गई है। उन्होंने सभी नए हितग्राहियों से कहा है कि वे जल्द से जल्द अपने नजदीकी उचित मूल्य की दुकान पर जाकर ई-केवाईसी प्रक्रिया पूरी कराएं। ई-केवाईसी सफलतापूर्वक पूरी होने के बाद ही संबंधित सदस्य को पात्रता पर्ची प्राप्त होगी। जिला खाद्य आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि विकासखंड बड़वारा के 930 परिवारों के 2 हजार 437 सदस्यों, बहोरीबंद के 452 परिवारों के 1 हजार 299 सदस्यों, ढीमरखेड़ा के 715 परिवारों के 2 हजार 24 सदस्यों, कटनी के 1 हजार 11 परिवारों के 3 हजार 158 सदस्यों की पात्रता पर्ची स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार रीठी के 268 परिवारों के 701 सदस्यों, विजयराघवगढ़ के 809 परिवारों के 2 हजार 515 सदस्यों, कटनी नगर के 1 हजार 241 परिवारों के 4 हजार 164 सदस्यों, नगर परिषद बरही के 53 परिवारों के 86 सदस्यों, नगर परिषद कैमोर के 29 परिवारों के 63 सदस्यों और नगर परिषद विजयराघवगढ़ के 24 परिवारों के 81 सदस्यों की पात्रता पर्ची स्वीकृत की गई है।

### 150 किलो महुआ लाहन को किया नष्ट

**नवभारत, कटनी।** शराब के अवैध निर्माण, भंडारण, परिवहन अेर विक्रय के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत आबकारी विभाग की टीम ने ग्राम निमियाहार और आधारकाप में दबिश देकर 150 किलो महुआ लाहन और 13 लीटर हाथभट्टी शराब जब्त की। मौके पर ही लाहन को नष्ट किया गया है। जिला आबकारी अधिकारी विभा मरकाम ने बताया कि जब्त महुआ लाहन और शराब की कीमत लगभग 16 हजार 950 रुपए आंकी गई है। आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

# स्वच्छता के प्रति महिलाओं को किया गया जागरूक

**स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम के तहत आंगनबाड़ी में किया गया आयोजन**

**नवभारत, उमरियापान।** ढीमरखेड़ा के धरवारा में जागरूकता अभ्यान के तहत आंगनबाड़ी केंद्र इमलिया और स्कूल परिसर में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र में साफ-सफाई कराई गई है।

इस अभियान के दौरान सेक्टर सुपरवाइजर द्वारा खान पान और स्वच्छता के विषय में जागरूकता लाने के लिए ग्रामीण महिलाओं जानकारी दी गई। इस दौरान बताया गया है कि घर की साफ़-सफाई के साथ-साथ आसपास भी साफ-सफाई रखना है। बच्चों को स्वच्छता के वातावरण में कैसे रखना है ये सभी जानकारी ग्राम की उपस्थिति गर्भवती महिलाओं, धात्री महिलाओं और किशोरी बालिकाओं सहित अन्य उपस्थित सभी महिलाओं के समक्ष यह जानकारी दी गई। अभियान के दौरान उपस्थित सेक्टर सुपरवाइजर मंजू मिश्रा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रागनी दुबे, सरला हल्दकार, भागवती बाई, बिमला, उर्मिला ग्राम के सरपंच विजय अग्रवाल, सचिव रूपलाल समूह अध्यक्ष रांची बाई सहित गांव के महिलाएं उपस्थित रहे। इस अवसर पर उमरियापान के सभी केन्द्रों में योगाभ्यास करवाया गया।



# खेत से समर्सिबल पंप चोरी करने वाले युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**माधवनगर थाने की निवार चौकी क्षेत्र स्थित खेत से हुई थी चोरी**

**नवभारत कटनी।** माधवनगर थाने की निवार पुलिस चौकी क्षेत्र स्थित खेत से समर्सिबल पंप चोरी करने के आरोप में पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर चोरी किए गए समर्सिबल पंप को बरामद कर लिया है।

पुलिस ने बताया कि देवरी सानी गांव निवासी सन्तोष कुमार यादव और राममिलन बर्मन ने 25 सितंबर को निवार पुलिस चौकी में शिकायत दर्ज कराई थी कि उनके खेत में लगा समर्सिबल पंप चोरी कर लिया गया है। चोरी का संदेह गांव के रामसुजान बर्मन पर व्यक्त किया गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर प्रकरण को विवेचना में लिया। इस दौरान पुलिस ने संदेही रामसुजान उर्फ लल्लु बर्मन को हिरासत में लेकर चोरी के संबंध में पूछताछ की गई। रामसुजान बर्मन ने पूछताछ में चोरी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर चोरी किए गए दो समर्सिबल पंप बरामद कर लिया है।



बरामद किए गए पंप की कीमत करीब 40 हजार रूपए आंकी गई है। पूरी कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ संतोष डेहरिया, और नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसिया के मार्गदर्शन, माधवनगर थाना प्रभारी संजय दुबे के नेतृत्व में की गई है। पूरी कार्रवाई निवार चौकी प्रभारी सहायक उपनिरीक्षक नेहा मौर्य, एएसआइ रमाकान्त दुबे, एएसआई कमलेश्वर शुक्ला, प्रधान आरक्षक मनीष कुमार, प्रधान आरक्षक देवेश कुमार, प्रधान आरक्षक गौरव सेन, आरक्षक अरविन्द कुशवाहा की भूमिका रही।

# आवागमन बेहतर बनाए रखने सड़कों से हटवाए गए अस्थाई अतिक्रमण

**नगर निगम और यातायात पुलिस ने अभियान चलाकर की कार्रवाई**

**नवभारत कटनी।** नवरात्रि पर्व के दौरान यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के मद्देनजर महापौर प्रीति संजीव सूरी और नगर निगम आयुक्त तपस्या परिहार द्वारा जुलूस मार्गों, मुख्य मार्गों सहित बाजार क्षेत्रों से अस्थाई अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए है।

जिसके बाद नगर निगम और यातायात पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्रवाई का अभियान शुरू किया है। नगर निगम और यातायात पुलिस की संयुक्त कार्रवाई के दौरान जुलूस मार्गों में पैदल मार्च करते हुए यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के प्रयास किए गए। इस दौरान दुर्गा उत्सव समितियों के पदाधिकारियों से चर्चा की गई। आगजनी, भगदड़ की स्थितियों से निपटने की तैयारियों के लिए आपातकालीन नंबर और सुरक्षा, बचाव से संबंधित जानकारी दी गई। साथ ही समितियों के पदाधिकारियों को स्वच्छता बनाए रखने के लिए कहा गया। नगर निगम के अतिक्रमण प्रभारी मानेन्द्र सिंह ने बताया है कि नगर निगम आयुक्त के निर्देशों के अनुसार पर्वों के दौरान शहर की आवागमन व्यवस्था सुगम बनाए रखने के मद्देनज़र अभियान चलाकर अस्थाई अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही है। इस दौरान शहर की दुर्गा समितियों से भी चर्चा कर सुरक्षा के पर्याप्त इंतज़ाम रखने के साथ ही शहर में स्वच्छता बनाए रखने के लिए भी कहा जा रहा है।

संयुक्त कार्रवाई के दौरान अतिक्रमण प्रभारी मानेन्द्र सिंह, यातायात थाना प्रभारी राहुल पांडेय सहित अतिक्रमण टीम और यातायात पुलिस कर्मी मौजूद रहे।



# शहर की सड़कों से हटाए गए 245 आवारा मवेशी

**नगर निगम ने अभियान चलाकर की कार्रवाई**

**नवभारत कटनी।** शहर की सड़कों में अवारा घूम रहे बेसहारा मवेशियों को हटाने को लिए नगर निगम द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। अभियान को दौरान नगर निगम की हॉका गैंग ने 245 आवारा मवेशियों को सड़कों से हटाया गया है।

नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि नगर निगम आयुक्त तपस्या परिहार के निर्देशन में मिशन चौक से आजाद चौक होते हुए जालपा मंदिर पहुंच मार्ग, पन्ना मोड़ से साईं मंदिर होते हुए गल्ला मंडी रोड, इंदिरा नगर तिराहा, कलेक्ट्रेट कार्यालय से झिंझरी, जिला न्यायालय मार्ग, न्याय निकुंज से पीर बाबा, सत्य नारायण मंदिर मार्ग से दुर्गा चौक सहित स्टेशन रोड मुख्य मार्ग में अभियान चलाया गया।

इस दौरान यातायात में बाधक बन रहे 8 मवेशियों को सुरक्षित पकड़कर कांजी हाउस भेजने की कार्रवाई की गई। जबकि गल्ला मंडी से पन्ना मोड़ के लगभग 150 मवेशियों, कलेक्ट्रेट से पीरबाबा के लगभग 60 मवेशियों और सत्यनारायण मंदिर से दुर्गा चौक तक के लगभग 35 मवेशियों को हांका लगाते हुए नगरीय सीमा के बहार किया गया। साथ ही पशुपालकों से कहा गया है कि वे इस अभियान में सहयोग कर अपने मवेशियों को सार्वजनिक मार्गों में विचरण करने नहीं छोड़ें।



# गरबा महोत्सव में देवी गीतों की धुन पर झूमे श्रद्धालु

**बहोरीबंद के मरही माता मंदिर परिसर में आयोजित किया गया गरबा कार्यक्रम**

**नवभारत, बहोरीबंद।** जिले के बहोरीबंद के मरही माता मंदिर परिसर में लगातार तीन वर्षों से गरबा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष भी गरबा महोत्सव में क्षेत्र के लोगों गजब का उत्साह देखा जा रहा है। गरबा महोत्सव में महिलाओं, युवतियों और छोटी-छोटी बच्चियों ने भी उत्साह पूर्वक गरबा किया। गरबा कलाकारों की प्रस्तुति आकर्षण का केन्द्र रही। इस कार्यक्रम की आयोजन करता श्रीमती ज्योति रजनीश गुप्ता और सहयोग के रूप में माता मरही मंदिर समिति के सदस्य रहे। इस आयोजन में मुख्य रूप से अपर कलेक्टर प्रदीप मिश्रा, बहोरीबंद थाना प्रभारी अखिलेश दहिया, श्याम सुंदर सैनी, राजेश रजक, रवि पांडे, महेंद्र महतो, सुनील गुप्ता, अशोक दुबे, वीरेंद्र गुप्ता, अखिलेश गुप्ता, आशु गुप्ता, राजा महाराज और सैकड़ो की संख्या में लोगों की उपस्थिति रही। सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने के मद्देनजर काफी संख्या में पुलिस बल भी तैनात रहा।



# आदतन अपराधियों पर रखें नजर, असामाजिक तत्वों पर करें कड़ी कार्रवाई

**आईजी ने किया एनकेजे और बरही थाने का निरीक्षण**

**नवभारत कटनी।** जबलपुर जोन के पुलिस महानिरीक्षक प्रमोद वर्मा द्वारा एनकेजे और बरही थाने का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जप्त वाहनों के निराकरण की स्थिति, जरायम निरीक्षण हिस्ट्रीशीटर, गुंडा बदमाशों की चैकिंग रजिस्टर, संपत्ति संबंधी अपराधों के निराकरण की प्रगति, सीसीटीएनएस में अद्यतन प्रविष्टियों को देखा गया। इसके अलावा थाने का मालखाना, रिकॉर्ड रूम, बंदी गृह, जरायम रजिस्टर का अवलोकन किया गया। साथ ही फरियादियों की थाने में सुनवाई, पुलिसकर्मियों की कार्यप्रणाली का बारीकी से देखा गया। उन्होंने थाना प्रभारियों और पुलिस कर्मियों को निर्देशित किया कि फरियादियों की शिकायतों का तत्काल और निष्पक्ष निराकरण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान आईजी ने थाने में स्वच्छता, अनुशासन बनाए रखने और अभिलेखों के संधारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने के निर्देश दिए।

आईजी ने क्षेत्र में सक्रिय अपराधियों पर लगातार निगरानी रखने, असामाजिक तत्वों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने के लिए कहा। आगामी त्यौहारों को देखते हुए थाना क्षेत्रों में चौकसी और गश्त बढ़ाए जाने के लिए कहा गया। पुलिस महानिरीक्षक ने पुलिसकर्मियों को जनता से संवेदनशील व्यवहार करने, कानून-व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए निर्देश दिए गए।



**रामलीला** | आरती में शामिल हुए भाजपा पदाधिकारी, भगवाल श्री राम के आदर्शों को आत्मसात करने का दिया संदेश

# रामलीला में माता सीता हरण प्रसंग के जीवंत मंचन से भाव-विभोर हुए दर्शक

**नवभारत,कटनी।** शहर की गोलबाजार रामलीला मैदान में सीता हरण की मार्मिक लीला का मंचन किया गया। महंत धर्मराज पाठक के निर्देशन में कलाकारों ने इस प्रसंग को जीवंत कर दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया। लीला की शुरुआत मारीच द्वारा मायावी स्वर्णिम मृग का रूप धारण करने से हुई, जिसने सीता माता का ध्यान आकर्षित किया। सीता जी के आग्रह पर भगवान श्री राम मृग को पकड़ने वन में चले गए। इसके बाद जब लक्ष्मण जी, राम की संकट भरी आवाज सुनकर सीता के लाख मना करने पर भी, अपनी इच्छा के विरुद्ध, राम की खोज में गए, तो इसी अवसर का लाभ उठाकर लंकापति रावण ने साधु का वेश धारण कर कुटिया में प्रवेश किया। कलाकारों ने रावण द्वारा छलपूर्वक माता सीता का हरण करने के दृश्य को बड़े ही संवेदनशील तरीके से प्रस्तुत किया। रावण जब सीता माता को लेकर जा रहा था, उस समय जटायु और रावण के बीच हुए भीषण युद्ध का दृश्य भी अत्यंत प्रभावशाली रहा। कलाकारों के उत्कृष्ट अभिनय ने इस करुण दृश्य को और भी अधिक प्रभावी बना दिया। सीता हरण की लीला का मंचन देख पंडाल में उपस्थित दर्शक भावुक हो उठे। इस मंचन ने धर्म की मर्यादा, छल-कपट और असत्य पर सत्य की विजय की ओर इशारा किया, जिसकी सराहना सभी ने की। शहर के ऐतिहासिक गोलबाजार रामलीला मैदान में भक्ति और जनसेवा का अनूठा संगम देखने को मिला, जब भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष दीपक टंडन और वरिष्ठ पदाधिकारी पीताम्बर टोपनानी सहित पार्टी के कई नेताओं ने रामलीला मंचन के दौरान आयोजित आरती में हिस्सा लिया। आरती के बाद रामलीला कमेटी ने जिलाध्यक्ष टंडन सहित सभी भाजपा पदाधिकारियों का अभिनंदन कर उनका स्वागत किया। सभी अतिथियों ने देर रात तक रामलीला का मनोहारी मंचन देखा और भगवान श्री राम के आदर्शों को आत्मसात किया। रामलीला के मंच पर कमेटी की ओर से अतिथियों का स्वागत किया गया।

इस अवसर पर सचिव भरत अग्रवाल ने सभी अतिथियों से इसी तरह रामलीला की परंपरा को कायम रखने के लिए सहयोग करने के लिए कहा। कार्यक्रम का संचालन रवि खरे ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन आशुतोष शुक्ला ने किया। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक टंडन, पीताम्बर टोपनानी के साथ रामलीला कमेटी के प्रमुख सदस्यों में रवि खरे, शरद अग्रवाल, आशुतोष शुक्ला, अंतिम गुप्ता, विजय गुप्ता, रणवीर कर्ण, आशीष गुप्ता बाबा, अम्बरीष वर्मा, संजय गिरी, अखिल पांडे, यज्ञदत्त मिश्रा, वेंकटेश मिश्रा, रामजी यादव, गिरधारी शर्मा, और धर्मेंद्र तिवारी सहित अन्य मौजूद रहे।



# चौपाटी में 51 फीट ऊंचे रावण के दहन की तैयारियां शुरू

**नवभारत कटनी।** नगर निगम चौपाटी में इस वर्ष भी दशहरे के अवसर पर 51 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। इस वर्ष के आयोजन में विशेष रूप से आतिशबाजी, सांस्कृतिक कार्यक्रम और रावण दहन के साथ-साथ अन्य मनोरंजन कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। आयोजन समिति ने कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए बड़े स्तर पर तैयारियां की हैं। नगर निगम चौपाटी पर रावण दहन का यह आयोजन न सिर्फ धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह शहर की सांस्कृतिक धरोहर और एकता का प्रतीक भी है।



धर्मलोक हॉस्पिटल
A unit of Dharmlok Hospital Pvt. Ltd.
AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED
दूरबीन से पित्त की पथरी की सर्जरी, दूरबीन से अपेंडिक्स सर्जरी, दूरबीन से ओपन पेट की सर्जरी, उन्नत तकनीक (स्टेपलर/लेटर) के फिस्टुला सर्जरी, स्तन सर्जरी, किडनी/ प्रोस्टेट/मूत्रालशय सर्जरी, मधुमेह पैर की देखभाल/सर्जरी, तीव्र और जीर्ण घाव प्रबंधन।
सामान्य एवं सिजेरियन डिलीवरी, अंडेदानी की गठान, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था, निःसंतानता, बच्चेदानी निकालना, सफेद पानी का इलाज, गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी, बार-बार गर्भपात होना, पॉलिसिस्टिक ओवेरियन डिजीज/सिंड्रोम।
डॉ. राजेश बत्रा
एम.एस., एफ.एम.ए.एस., एफ.आई.ए.जी.ई.एस., एफ.ए.आई.एस.
जनरल और लैप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ. हर्षा बत्रा
एमडी (ओबीजी) सोनोग्राफी डिप्लोमा
स्त्री, प्रसूति एवं बांझपन विशेषज्ञ
आयुष्मान कार्डधारी मरीजों का एवं हेल्थ इंश्योरेंस कार्ड धारी मरीजों का निःशुल्क इलाज किया जाता है।
ओपीडी सुबह 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक
पता-आदर्श कालोनी रोड, कटनी (म.प्र.)
Ph. 07622-422390, 796084 Help line 24x7: 8305402024